हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]



06 बैतूल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्टेडियम में...





07 प्रशिक्षण में भी कर्मचारियों की लापरवाही, चार ...




## कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए राहुल उप चुनाव में पराजित, जीत की राह में इस बार भी अड़चन बने कांग्रेस के तरवर

# दमोह में दो संबंधियों में सीधा मुकाबला, दोनों हार चुके विस चुनाव

*बुंदेलखंड अंचल की दमोह लोकसभा सीट का मुकाबला इस मायने में रोचक है कि भाजपा और कांग्रेस से दो खास मित्र और संबंधी आमने- सामने हैं। ये हैं भाजपा के राहुल लोधी और कांग्रेस के तरवर लोधी। 2019 में दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बने थे। डेढ़ साल बाद ही राहुल दल बदल कर भाजपा में चले गए, लेकिन उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अब वे पार्टी की ओर से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। तरवर भी 2023 का विधानसभा चुनाव हार गए थे और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे राहुल की जीत की राह में अड़चन हैं। दोनों संबंधी हैं और अच्छे पुराने मित्र भी। इसलिए भी सभी की नजर इस चुनाव पर है।*

**लोकसभा क्षेत्र**

दमोह

1 भाजपा प्रत्याशी
राहुल लोधी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
तरवर लोधी

**पिछली बार कौन जीता**

प्रह्लाद पटेल

जीत का अंतर
3 लाख 53 हजार 411

### क्या रहेंगे मुद्दे?

दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह दमोह में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का ज्यादा असर है। भाजपा राम लहर के सहारे है। कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक और हिंदू- मुस्लिम राजनीति का भी पार्टी को सहारा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रचार लोगों के बीच किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ पार्टी द्वारा घोषित गारंटियों के सहारे मैदान में है। कांग्रेस ने बुंदेलखंड की खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी है। इसकी वजह से काफी तादाद में यादव मतदाता कांग्रेस की ओर जा सकता है। हालांकि मप्र में यादव चेहरा स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

भाजपा का नारा है 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', जबकि कांग्रेस कहती है 'कांग्रेस का हाथ, सबके साथ', लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के प्रत्याशियों पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि यह महज नारे हैं, वास्तविकता से इनका कोई नाता नहीं। दमोह क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता लोधी समाज के हैं, इसलिए दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी इसी समाज से उतारे हैं। भाजपा से राहुल लोधी और कांग्रेस से तरवर लोधी।

साफ है कि अब भी चुनावों में जातिवादी राजनीति का ही डंका बजता है और हर दल इस दलदल में धंसा है। 2004 से 2019 तक इस सीट से भाजपा के लोधी प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2004 में चंद्रभान सिंह लोधी, 2009 में शिवराज सिंह लोधी, 2014 और 2019 में प्रहलाद पटेल चुनाव जीते, सभी इसी समाज से हैं। इस बार फिर भाजपा ने लोधी प्रत्याशी दिया है तो कांग्रेस ने भी लोधी मैदान में उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में असर की दृष्टि से भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी इस नाते बराबरी पर हैं कि दोनों विधानसभा का एक-एक चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राहुल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं, इसलिए उनसे कांग्रेसी चिढ़े हैं ही, भाजपा के अंदर भी उनका विरोध है। पर दमोह क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी का चेहरा हैं, इसका उन्हें फायदा मिलता दिख रहा है। राहुल को लेकर व्यक्तिगत विरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ, लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के मिजाज वाला है, इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के तरवर लोधी का कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। दो विधानसभा क्षेत्रों बंडा और मलेहरा में उनका खास असर है, लेकिन कांग्रेस की बुरी हालत और विधानसभाओं में कम ताकत का उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।



राहुल लोधी



तरवर लोधी

### विधानसभा की 8 में से 7 सीटों पर भाजपा

विधानसभा सीटों के लिहाज से ताकत में भाजपा बहुत भारी दिखती है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा और सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। कांग्रेस की रामसिया भारती सिर्फ मलेहरा से विधायक हैं। ये भी लोधी समाज से हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र की देवरी, रेहली, बंडा, पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा में भाजपा का कब्जा है। वोटों के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस ने मलेहरा में 21 हजार 532 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा की सात सीटों में जीत का अंतर 2 लाख 77 हजार से ज्यादा है। लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर को कांग्रेस कैसे कवर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि इनमें से गोपाल भार्गव और जयंत मलैया ने रेहली और दमोह में ही 1 लाख 24 हजार से ज्यादा की लीड ली है। भाजपा के राहुल को यह लीड मिलना मुश्किल है।

### लोधी, अजा, कुर्मी, यादव समाज का दबदबा

दमोह लोकसभा सीट लोधी बाहुल्य मानी जाती है। हालांकि यहां सबसे ज्यादा 5 लाख से ज्यादा वोट अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। लोधी समाज के मतदाताओं की तादाद तीन लाख के आसपास बताई जाती है। इनके दम पर ही यहां से लोधी समाज से सांसद बनता आ रहा है। हालांकि कुर्मी समाज के रामकृष्ण कुसमारिया भी दमोह से चार चुनाव जीते। क्षेत्र में कुर्मी समाज के मतदाताओं की तादाद डेढ़ लाख बताई जाती है। यादव मतदाता भी कुर्मियों के बराबर लगभग डेढ़ लाख ही हैं, लेकिन इस समाज से कभी सांसद नहीं बना। क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 1 लाख और जैन समाज के मतदाता करीब 50 हजार बताए जाते हैं। यह भी चुनाव में अपनी भूमिका निभाते है। दलों की नजर सभी समाजों पर लगी हुई है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

### तीन जिलों में फैला है दमोह लोकसभा क्षेत्र

दमोह लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश के तीन जिलों तक फैला है। इसके तहत दमोह जिले की चार विधानसभा सीटें पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा आती हैं तो सागर जिले की तीन सीटें रेहली, बंडा और देवरी। एक विधानसभा सीट मलेहरा छतरपुर जिले में है, यह भी दमोह लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। तीन जिलों में बंटा होने के कारण इस क्षेत्र में किसी एक नेता का असर नहीं है। इसका नतीजा यह कि यहां से बाहरी नेता भी जीतते रहे। 2014 और 2019 का चुनाव जीते प्रहलाद पटेल भी यहां के नहीं, नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी क्षेत्र से, एक ही समाज के और आपस में मित्र एवं रिश्तेदार हैं। वहीं यह सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है।

## नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि पर जारी रहा राजनैतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप

# लोकतंत्र की चिंता नहीं, चुनावी रण में परिवारवाद पर हैं नेता: सीएम

लोकसभा महापर्व के चुनावी रण के लिए महासंग्राम में प्रमुख राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चरम पर है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा की नीतियों का विरोध किया। तो वहीं गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों पर परिवार वाद पर निशाना साधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकतंत्र के महापर्व की तिथि नजदीक आते ही राजनैतिक दलों में चुनावी महासंग्राम छिड़ गया है। राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रदेश के शीर्ष नेता नाम निर्देशन पत्र जमा कराने संभाग मुख्यालय पहुंचे। बुधवार को राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य नेता कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा का नामांकन पत्र जमा करा चुके हैं। वहीं गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी का नामांकन पत्र जमा कराने के पूर्व पतित पावनी मां नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद संकल्प यात्रा निकाली। वहीं स्थानीय लाड़ली लक्ष्मी पथ पर आयोजित संकल्प सभा में विपक्षी पार्टियों को जमकर कोसा।




#### लोकतंत्र की रक्षा नहीं परिवार अहम: सीएम

एक ओर जहां कांग्रेस के नेताओं ने सभा के माध्यम से भाजपा पर आरोप लगाए थे। वहीं गुरूवार को भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लिए लोकतंत्र की रक्षा अहम नहीं है। बल्कि परिवार वाद को राजनीति में बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। वहीं अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी भाजपा और कांग्रेस की नीतियों को जनहित में नहीं बताया।

#### आंसू नहीं आने देंगे: शिवराज सिंह चौहान

संकल्प यात्रा के दौरान प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के नामांकन पत्र जमा करने के पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित प्रदेश के पदाधिकारियों ने मां नर्मदा की पूजन अर्चना की। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी पार्टियों के भ्रष्टाचारों का बखान किया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों के आंसु नहीं आने देंगे। बल्कि योजनाओं का लाभ बहनों को मिलता रहेगा।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

एक ओर जहां नर्मदापुरम आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्रीय सत्ता पर काबिज भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए भाजपा की नीति, नियत पर प्रश्नचिन्ह लगाया। इतना नहीं उन्होंने अपने ही दल से दूसरे दलों का दामन थामने वाले पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को भी मंच से नसीहत दी। उन्होंने भाजपा एनडीए की केन्द्र सरकार की नाकामियों को भी गिनाया।

### क्या बोले मुख्यमंत्री यादव

संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विरोधी पार्टियों पर कई निशाने साधे। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस और भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते थे आज वही शराब घोटाला मामले में फंसे हुए हैं। अब उन्हें जनता ने जिस विश्वास से उन्हें चुना था वह विश्वास खो चुके हैं। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल, सांसद केपी यादव, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, सुरेश पचौरी, जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, अभिलाष मिश्रा, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ पटेल, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, युमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, सविता दीवान शर्मा, अर्जुन पलिया सहित जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

#### अंतिम दिन 9 नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए



नाम निर्देशन के अंतिम दिन गुरूवार को 9 नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुजन मुक्ति पार्टी की ओर से सरजे राव सहारे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से संजय शर्मा, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से दिव्येन्द्र दुबे ने, निर्दलीय के रूप मे मुकेश ने, भारतीय जनता पार्टी की ओर से दर्शन सिंह नें दो नामांकन, जनसंघ पार्टी की ओर से ब्रजेश खेमरिया, निर्दलीय के रूप में युवराज गव्हाडे ने तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तिलक सिंह जाटव के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।

# बिना परमिट सड़क पर दौड़ रही बस को आरटीओ ने पकड़ा

## 40 हजार 600 रुपए का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




आदर्श आचार संहिता में जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार आरटीओ विभाग के द्वारा लगातार जिले में वाहनों के जांच का क्रम जारी है, लगातार वाहनों की जांच में कमियां पाई जा रही है। जिससे आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के द्वारा वाहन चालकों को सख्त हिदायत के साथ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आरटीओ की वाहन जांच के दौरान एक यात्री बस क्रं. एमपी 04 पीए 0646 बिना परमिट तथा टैक्स जमा किए सड़क पर यात्री ले जाते हुए पाई गई, जो भोपाल से छिंदवाड़ा संचालित होती है। आरटीओ अधिकारी द्वारा बस की जांच में कमी पाए जाने पर यात्रियों को अन्य बस के माध्यम से भेजा गया तथा बस को आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया। जिसे 40 हजार 600 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही कर छोड़ा गया। अन्य कार्यवाही में 65 वाहनों की जांच में 16 वाहनों में कमी पाए जाने पर 9500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई, आरटीओ जांच दल द्वारा लगातार जिले के सभी मार्गो पर चालानी तथा जप्ती की कार्यवाही की जा रही है, आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान ने बताया कि आदर्श आचार संहिता में किसी भी प्रकार से वाहनों में दस्तावेजों की कमी, ब्लैक फिल्म, हूटर, ओवरलोडिंग, अनाधिकृत नंबर प्लेट तथा अन्य कमी पाए जाने पर सख्ती के साथ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, जांच दल में आरटीओ अधिकारी के साथ सिपाही मोहनलाल यादव, भूपेंद्र सिंह, गोलू पटेल, उदयभान शर्मा, आदि शामिल रहे।

### कलेक्टर ने सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से की मुलाकात

**नर्मदापुरम।** संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.प्रीतम बी यशवंत एवं पुलिस प्रेक्षक सी संतोष कुमार तुकाराम का आगमन कल रात्रि नर्मदापुरम जिले में हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने गुरुवार को सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से सर्किट हाउस में मुलाकात की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को जिले में चाक चौबंद कानून व्यवस्था की स्थिति से भी अवगत कराया।

# रिश्वत लेते रेंजर-डिप्टी रेंजर रंगे हाथ धराए

## शिकायत पर भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

रिश्वत का रसूख बताते वन विभाग के रेंजर और डिप्टी रेंजर गुरुवार शाम लोकायुक्त के सामने रंगे हाथो धरा गए। भोपाल से आई लोकायुक्त की टीम ने इटारसी के रेंज आफिस में रेंजर, डिप्टी रेंजर को एक किसान से टीपी जारी करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा और एफआईआर करके भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की।

### सिस्टम है पैसा तो लगेगा

ग्राम दमदम के किसान और अधिवक्ता लोकेन्द्र सिंह की जमीन पर लगे सागौन के पेड़ की कटिंग के बाद उनको बेचने लोकेन्द्र पटेल ने तहसील और ग्राम पंचायत में समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के बाद वन विभाग से टीपी जारी करने के लिए आवेदन किया था। टीपी जारी करने के एवज में डिप्टी रेंजर राजेन्द्र नागवंशी ने पहले 19 हजार रुपए मांगे। पटेल ने कहा कि वे अधिवक्ता हैं, उनको तो छोड़ दो। नागवंशी ने कहा कि यह तो सिस्टम है, पैसा देना ही पड़ता है।

### लोकायुक्त में शिकायत की

लोकेन्द्र पटेल ने इसकी शिकायत लोकायुक्त भोपाल में की। गुरुवार को राजेन्द्र नागवंशी को बताये गये स्थान पुरानी इटारसी स्थित एक पान की दुकान पर 12 हजार देना तय हुआ था। लोकेन्द्र पटेल ने जब नागवंशी को पैसे दिये तो उसने कहा कि इसमें से पांच हजार रेंजर को, पांच हजार स्वयं और दो हजार वनपाल को देना है। पटेल ने कहा कि वे रेंजर श्रेयांस जैन को पैसा दे देंगे। गुरुवार को रेंजर श्रेयांस जैन को पैसा देते वक्त लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

## समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# पूर्व से संचालित कार्यों को पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा लगातार जिले में कार्यों को लेकर जमीनी स्तर पर दौरे किये जा रहे हैं। कार्यों की अपूर्णताओं ओर समस्याओं को देखते हुए रावत ने बुलाई बैठक द्वारा गुरूवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सहायक यंत्री वार विकासखण्डों में पूर्ण, प्रगतिरत एवं आप्रारंभ योजनाओं की समीक्षा की गई योजनाए 70 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण योजनाओं को इसी माह में 100 प्रतिशत पूर्ण करने निर्देशित किया । साथ ही 50 प्रतिशत से कम किये गए कार्यो को इस माह में ही 50 प्रतिशत से ऊपर करने के दिए सख्त निर्देश एवं जो ठेकेदार कार्य नहीं कर रहे हैं उनके ख़िलाफ़ पेनल्टी लगाई जाए और ज़रूरत पड़े तो ब्लैकलिस्ट किया जाए। जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण हो गया है। वहां ठेकेदारों को तत्काल भुगतान किया जाए। पूर्ण हुई योजनाओं को पंचायतों को हैंड ओवर किया जाए। प्रत्येक नलजल योजना के संचालन हेतु गांव से किसी व्यक्ति को प्रशिक्षित किया जाए।



### नाम निर्देशन के अंतिम दिन तक 12 अभ्यर्थियों ने 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए

**नर्मदापुरम।** रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर नर्मदापुरम ने बताया कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 28 मार्च से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए जिसमें कुल 12 अभ्यर्थियों से 18 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों की ओर से दर्शन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चार नाम निर्देशन पत्र, संजय शर्मा ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप मे दो नाम निर्देशन पत्र, रामगोविंद बरुआ ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में 1 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया है। पंजीकृत किंतु गैर मान्यता राजनैतिक दलों के प्रत्याशी के रूप में दिव्येन्द्र ने भारतीय युवा जन एकता पार्टी से 1 नाम निर्देशन पत्र, माखन सिंह लोधी ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से 1 नाम निर्देशन पत्र, ज्योति ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से 2 नाम निर्देशन पत्र, बहुजन मुक्ति पार्टी से सरजेराव सहारे ने 1 नाम निर्देशन पत्र, ब्रजेश ने जनसंघ पार्टी की ओर से 1 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राकेश रामप्रसाद, दिव्येन्द्र, मुकेश, युवराज एवं तिलक सिंह यादव ने एक-एक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### श्री अनहद संगीत महोत्सव कल

**बैतूल।** श्री अनहद संगीत महोत्सव कल शनिवार शाम 6 बजे कंतिशिवा मल्टीप्लेक्स गंज में आयोजित किया जाएगा। आयोजक दिलीप रावत ने बताया कि महोत्सव के साथ अनहद कला संगीत महाविद्यालय का भी भव्य शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें देश के प्रख्यात संगीतज्ञ शिरकत करेंगे। शास्त्रीय गायक पूज्य संत मुरलीदास जी महाराज, समूह कत्थक नृत्य प्रस्तुति डॉ.उपासना उपाध्या रायगढ़ घराना, तबला सोला राजेश विश्वकर्मा सालीग्राम संगीत महाविद्यालय छिंदवाड़ा, सुफी एवं सुगम गायक देवानंद राव साजापुर अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री रावत ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### विद्युत कटौती शेड्यूल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वि.के. बैतूल ग्रामीण द्वारा 5 अप्रैल को 33/11 केव्ही कोलगांव सब स्टेशन का मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। मेंटेनेंस कार्य के चलते शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 केवी कोलगांव, अमदर, सेहरा, जुनावानी, भयावाड़ी, नयेगांव उपकेन्द्र के ग्राम भोगीतेड़ा, सुरगांव, भरकावाड़ी, गोराखार, बडोरी, बारव्ही, गुडी, छाता, चारबन रेडवा, जोडक्या, बघोली, भयावाड़ी लोहारिया, नयेगांव, खड़ला, उमर डोह, करजगांव, कोलगांव, सेहरा, अमदर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### जिला जेल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बैतूल।** विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला जेल बैतूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक योगेन्द्र तिवारी ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सायमा रिजवी, डॉ.निधि जैन, डॉ.ज्योति सूर्यवंशी द्वारा जेल में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध बंदियों का परीक्षण कर उपचार एवं परामर्श दिया गया। शिविर में 74 पुरुष एवं 03 महिला बंदियों का उपचार कर आवश्यक सलाह दी गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक योगेन्द्र तिवारी, डॉ.राज पाण्डेय, संविदा जेल चिकित्सा अधिकारी विशाल जेम्स मेल नर्स एवं सनद कुमार पंडाग्रे, फार्मासिस्ट, जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

### पेड़ पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत

**बैतूल।** इमली के पेड़ पर इमली तोड़ने चढ़े एक युवक को हाई वोल्टेज बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। घटना आज बैतूल के कमानी गेट इलाके में हुई। युवक का शव मौके से बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना आज बुधवार सुबह की है। कमानी गेट के पास एक इमली के पेड़ के नीचे गौठाना निवासी युवक मोहन (18) का शव पड़ा मिला था। जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है की युवक इमली के पेड़ पर इमली तोड़ने चढ़ा था। पेड़ के ऊपर से 11 केवी लाइन के तार गए हुए है। इमली तोड़ते वक्त युवक को इसी 11 केवी लाइन का करंट लगा और वह पेड़ से नीचे गिर गया जिसमे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की मां मंगली बाई ने बताया की मोहन मजदूरी हमाली का कार्य करता था। सुबह दस बजे उठकर घर से निकल गया था। जिसके बाद सूचना मिली की लडके को करंट लग गया और उसकी मौत हो गई है।

### सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश 15 तक

**बैतूल।** सी.एम. राईज शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल-बाजार में प्रवेश हेतु पालकों के उत्साह को देखते हुए एवं कई स्कूलों के परीक्षाफल घोषित न होने के कारण सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं, 7वी, 9वीं एवं 11वीं हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म प्राप्त करने की तिथि में संशोधन किया गया है। सी.एम. राईज विद्यालय बैतूल-बाजार में आवेदन फार्म 15 अप्रैल तक वितरित किए जाएंगे। आवेदन फार्म वितरण का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

---

### भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके के पक्ष में नामांकन में हुए शामिल

# बैतूल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्टेडियम में किया सभा को संबोधित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके के नामांकन एवं आमसभा में बैतूल पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को स्थानीय लालबहादूर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व में नंबर वन बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा किहमारा देश सबसे बडे लोकतंत्र का प्रतिक है।

**ये रहे मंचासीन** - केबीनेट मंत्री कुंवर विजय शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, म.प्र.लोकसभा चुनाव प्रदेश संयोज हेमंत खंडेलवाल, संभाग संगठन प्रभारी पंकज जोशी, भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके, जिला प्रभारी सुजीत जैन,, जिलाध्यक्ष बैतूल आदित्य बबला शुक्ला, जिलाध्यक्ष हरदा राजेश वर्मा, लोकसभा प्रभारी भरतसिंह राजपुत, लोकसभा संयोजक अलकेश आर्य, लोकसभा विस्तारक सोहन सिंह, पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, सुभाष आहूजा, विधायक डा.योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्र सिंह चौहान, गंगा उइके, पूर्व विधायक संजय शाह, मनोहर लाल राठौर, रामजीलाल उइके, गीता उइके, मंगलसिंग धुर्वे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वसंत बाबा माकोडे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, गजेन्द्र शाह, सुधीर लाड विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री कमलेश सिंह एवं सुधाकर पंवार ने किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठो के जिला संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, नगर पालिका, परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित बैतूल नगर पालिका परिषद के पार्षदगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### कांग्रेस के पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष भाजपा में शामिल

*मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की जनसभा में कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस गुडडू शर्मा एवं आमला से कांग्रेस की पूर्व विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता बेले भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने इस मौके पर दोनो का अंगपत्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया।*

#### भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके ने किया नामांकन दाखिल

*मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ,केबीनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके ने गुरुवार को अपना नामांकन रिटर्निंग आफिसर एवं जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया।*

---

# आधा दर्जन गांवों में पागल कुत्तों का आतंक

## कुत्ते के काटने से अनेक लोग घायल दो गंभीर घायल बैतूल रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर सहित क्षेत्र के आधा दर्जन गांवो मे पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामवासी दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि खेड़ली बाजार और आसपास के क्षेत्र में अब तक एक दर्जन लोग पागल कुत्ते का शिकार हो चुके हैं। दो लोगों को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है। वहीं कुछ लोगो को मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा ही कि ग्राम खेड़ली बाजार, बांगा, कुजबा और शंकर नगर के आस पास पागल कुत्ते के घूमने से ग्राम वासियों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो रहा है। खास तौर पर महिलाओं और बच्चों में ज्यादा दहशत देखी जा रही है। लेकिन ग्राम पंचायत अभी तक पागल कुत्ते को पकड़ने और काबू में करने में नाकाम साबित हुई है। दूसरी तरफ मुलताई नगर में भी पागल कुत्तों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है पिछले दिनों हुई शांति समिति की बैठक मे भी इन आवारा कुत्तों की रोकथाम का मामला उठा था किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है इधर नगर में पागल कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है आवारा कुत्ते इंसान सहित पशुओं को भी निशाना बनाने लगे है।

---

# 15 वर्षीय बालिका से बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विशेष न्यायालय, (पॉक्सो एक्ट) 2012 ने घर में घुसकर 15 वर्षीय नाबालिग बालिका का बलात्कार करने वाले आरोपी रानू उइके पिता मेहंगु उइके, उम्र-30 वर्ष, निवासी-थाना कोतवाली बैतूल को दोषी पाते हुए, धारा धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट समाहित धारा 376(3) भादवि में दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5,000रू. जुर्माना तथा धारा 450 भादवि के अपराध का दोषी पाते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास एवं 2,000रू. जुर्माना से दण्डित किया गया। प्रकरण में मप्र शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी एसपी वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा पैरवी की गई।

प्रकरण की जानकारी देते हुए अमित राय (एडीपीओ) ने बताया कि दिनांक 04-08-2022 को 15 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस चौकी पाढ़र में उपस्थित होकर अभियुक्त रानू उइके के विरूद्ध इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि दिनांक 03-08-2022 की रात 10 बजे उसकी माता शौच करने गयी थी और उसके पिता बाहर काम करने गये हुए थे। उसे घर पर अकेला पाकर आरोपी रानू उइके ने घर में घुसकर उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती उसके साथ बुरा काम (बलात्कार) किया है। उसकी छोटी बहन घटना के समय आ गयी थी, जिसके कारण आरोपी वहां से भाग गया। पीड़ति ने घटना की जानकारी अपनी माता को दी। पीड़ति के आवेदन पर पुलिस थाना कोतवाली में अभियुक्त रानू उइके के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी। विवेचना के दौरान पीड़ति का मेडिकल परीक्षण कराया गया था, आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र अनन्य विषेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना पुलिस थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक कविता नागवंशी के द्वारा की गयी। विचारण में अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिसके आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाकर दंडित किया गया। प्रकरण को जघन्य चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में रखा गया था। जिसका समय-समय पर जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला अभियोजन अधिकारी की समिति के द्वारा समीक्षा की गयी।

### नरवाई जलाने से किसान के खेत के जल गए दो दर्जन फलदार पेड़

**सीहोर।** किसानों द्वारा फसल काटने के बाद खेत को साफ करने की दृष्टि से खेतों में आग लगा दी जाती है, जिसे नरवाई जलाना कहते है। नरवाई जलाने के चक्कर में कई किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके बाद भी लापरवाह किसान नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में एक किसान के दो दर्जन से अधिक फलदार पेड़ जलकर राख हो गए। परेशान किसान इधर-उधर अफसरों के चक्कर काट रहा है। जिले में फसल कटाई के बाद खेतो में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। इसके साथ ही नरवाई जलाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के भी आदेश शासन द्वारा दिए गए हैं। इसके बाद भी जिले में रोजाना नरवाई जलाने के मामले सामने आ रहे हैं। ये मामला समीप के गांव टांकपुरा का है।

# आज जैन दादावाड़ी में सेमिनार

**बैतूल।** भारत के प्रमुख मोटिवेशनल स्पीकर एवं शिक्षा के विशेषज्ञ एनवी सर (नितिन विजय) आज 5 अप्रैल को 11 बजे बैतूल के श्री जैन दादावाड़ी में छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सेमिनार में भाग लेने वाले छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह आयोजन डागा ग्रुप द्वारा संचालित हो रहा है और यह छात्रों के जीवन में एक नई ऊर्जा का स्रोत बनेगा। इस सेमिनार में कक्षा 6 से 12 के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में मदद मिलेगी। डागा ग्रुप ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि इस सेमिनार में पहुंच कर अपने उज्वल भविष्य को नई दिशा प्रदान करे।




## शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बैतूल।** जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप अक्षत जैन के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था में सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान किए जाने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री रेवाशंकर पंडाग्रे, वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी श्री दिलीप कुमार सोनी, श्रीमती पुष्पा नागले, चिंतामणि विश्वकर्मा, विवेक दायमा, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, राम नारायण गंगारे, सचिन सरले सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

---

**प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने किया प्रशिक्षण केंद्र का दौरा**

# लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षण में 246 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया भाग





**मुलताई।** लोकसभा चुनाव 024 की निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कराई जाए इसके लिए शासकीय कन्यशाला मुलताई में मतदान दालों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें 246 प्रशिक्षणानार्थियों भाग लिया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल क्रमांक 2 के अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण मे क्या सीखा इसके लिए प्रशिक्षण लेने वाले सभी अधिकारियों ने निर्वाचन संबंधित परीक्षा में भी भाग लिया। परीक्षा में जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा 50 प्रश्न पूछे गए थे जिसके आधार पर अंक दिए जाएंगे। प्रशिक्षण सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर जितेंद्र प्रसाद खन्ना एवं रवि शंकर पवार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया इस अवसर पर उनके साथ एसडीम तृप्ति पटैरया, तहसीलदार अनामिका सिंह सहित अनेक अधिकारी गण उपस्थित थे। इसके अलावा प्रशिक्षण में विधानसभा स्तर के 21 मास्टर ट्रेनर भी शामिल है। प्रशिक्षण केंद्र शासकीय कन्या शाला मे 5 अप्रैल शुक्रवार को आप प्रशिक्षण होगा जिसमें 242 प्रशिक्षणानार्थी भाग लेंगे।

#### इन विषयों को लेकर हुआ मतदान दलों का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले 246 प्रशिक्षणानार्थियों जिला स्तरीय निर्वाचन मास्टर ट्रेनर एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मॉनिटर एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से बताया गया कि मतदान सामग्री कैसे प्राप्त की जाती है। कैसे केंद्र पर पहुंचने के पहले की क्या तैयारी की जाती है मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति कैसे होती है। दिखावटी मतदान की प्रक्रिया ईवीएम मशीन की सीलिंग और आने वाली समस्या एवं इसके समाधान। इस प्रशिक्षण में मतदान समाप्ति पर सीलिंग एवं पीठासीन अधिकारी की डायरी घोषणा 17 सी का भरना एवं अन्य प्रपत्र को जमा करने की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। और अंत में प्रश्न उत्तर एवं प्रशिक्षणार्थियों की समस्या के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## भीषण गर्मी में पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने की अभिनव पहल

# पचास से अधिक स्वयंसेवकों ने चलाया पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जेएच कॉलेज बैतूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने 4 अप्रैल को प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के सरंक्षण में एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों ने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की।

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि इस अभियान में सभी स्वयंसेवकों ने अपने निज निवास के आस-पास और महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह पेड़ों पर पानी की व्यवस्था की जिससे इस भीषण गर्मी में इन बेजुबान पक्षियों को दाना-पानी के लिए इधर उधर ना भटकना पड़े। प्राचार्य ने कहा जहां पक्षियों के निवास हैं उनके आसपास ही पानी मिल जाए और इन पक्षियों की कम होती प्रजाति को कुछ सहारा मिल सके इसलिए इनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था आवश्यक है। इशितयाक अली एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने यह सुनिश्चित किया कि जब भी वे महाविद्यालय में आएंगे तो सकोरों में पानी एवं पक्षियों के लिए दाना लेकर आएंगे। इन प्यारी प्यारी चिडियाओं के लिए दाना-पानी की व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा स्वयंसेवक नवीन नागले, कोमल देशमुख, आयुष घिंडोडे, अंजली नागोरे, सुरभि जैन, कन्हैया अमरूते, ऋषक पारिसे, दुर्गाप्रसाद मोरले, निशु, विशाल, गंगा, सोनम, छत्रप्रभा, अंजली, निशा, नेहा, पायल, निहारिका, किरण, अजय, आयुष, माधुरी, सलोनी, अर्पण, देवेश, अजय आदि का सक्रिय योगदान रहा।





---



# छोटा महादेव में गहराई जल समस्या श्रद्धालु परेशान, की व्यवस्था की मांग

**शाहपुर।** बुधवार को अंबाबाई भोपाली महादेव के पुजारी बाबा इंदल सिंह कासदे और सुभाष बारसकर कोरकू ने जल व्यवस्था के लिए अति आवश्यक हैंड पंप के लिए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शाहपुर को आवेदन पत्र दिया। प्रसिद्ध सिद्ध मंदिर भोपाली महादेव जिसे छोटा महादेव कहा जाता है। महंत इंदल सिंह कासदे के द्वारा पानी की समस्या को लेकर शाहपुर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शाहपुर को आवेदन दिया गया। कि उनके मंदिर के आसपास जल व्यवस्था बहुत अधिक खराब है।हैंड पंप में से दूषित पानी निकल रहा है। यहां पर प्रतिदिन अपार संख्या में भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। एवं पानी की समस्या से जूझते हैं।इसलिए उनके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शाहपुर को पी एच ई विभाग के द्वारा नया हैंडपंप भोपाली महादेव में लगाने के लिए आवेदन दिया गया। और उनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि जल्द से जल्द गर्मी के मौसम में पानी की समस्या को देखते हुए नया हैंडपंप लगवाने एवं पूराना हैंडपंप सुधरवाने का अनुरोध किया गया है। पुजारी बाबा इंदल सिंह कासदे ने बताया, कि 2 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को उन्होंने कलेक्टर महोदय बैतूल कार्यालय को भी अपना आवेदन जल समस्या के संबंध में दिया।

## बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सार्थक होगा कैंप

# मानसरोवर द स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ




**बैतूल।** वर्तमान समय में शिक्षा सत्र के बाद बच्चे मोबाइल से जुड़कर अपना समय और सेहत नष्ट कर देते हैं। ऐसे में उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए तो इसके सकारात्मक परिणाम मिलते हैं और बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए मानसरोवर द स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप का उद्‌घाटन स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पुष्प लता साबले द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस संबंध में स्कूल के चेयरमैन डॉ.विनय सिंह चौहान ने बताया कि समर कैंप में एडवेंचरस गतिविधियों के साथ-साथ संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, इंग्लिश स्पीकिंग,अबेकस, हॉर्स राइडिंग जैसी कई गतिविधियां कराई जाएगी। स्कूल के प्रिंसिपल एसवी चंद्रशेखर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न हो तो जीवन में हर तरह की सफलता प्राप्त की जा सकती है। समर कैंप के शुभारंभ कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल एसवी चंद्रशेखर, स्कूल डायरेक्टर पंकज साबले, हेमराज जसूजा, लीलाराम सरले सहित प्रतिभागी बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे। समर कैंप में शिक्षक अंकित भिकोंडे,अस्मिता कुंभारे,ओजस्वी सोनी, निर्मिती वर्मा, निधि गोस्वामी एवम सरिता शेषकर बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण देंगे।

## सत्र का शुभारंभ म्यूजिकल थीम पेंटिंग से

### संगीत देता है दिमाग को राहत, बच्चों ने पेंटिंग से समझाया



*बैतूल। यह विज्ञान द्वारा भी प्रमाणित है कि संगीत से तनाव कम होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आरडी पब्लिक स्कूल में युवा चित्रकार व कला गुरु श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन में शिक्षिका उमा सोनी के साथ मिलकर दृष्टि निर्मले, आस्था कापसे, आशना कपूर, भूमि साहू, अन्या राय, परी उबनारे, आरनव धाकड़,साधना पवार ने मिलकर जीवन में म्यूजिक के महत्व को लेकर शानदार पेंटिंग बनाई। पेंटिंग का उद्देश्य बताते हुए बच्चों ने बताया कि आजकल जीवन में छोटी-छोटी बात पर तनाव बढ़ गया है। कई तरह की बातें दिमाग में आ जाती है जो टेंशन का कारण बनती है। इसके निवारण के लिए म्यूजिक एक अच्छा साधन है। म्यूजिक से जुडकर हम तनाव को काफी हद तक काम कर सकते हैं। इसलिए हमें किसी न किसी रूप से संगीत से जुड़े रहना चाहिए। चित्रकार श्रेणिक जैन ने बताया कि शांत मन से कोई भी कार्य सरलता से व समझदारी से किया जा सकता है म्यूजिक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बच्चों के इस प्रयास की सभी ने सराहना की है।*

### 19 मार्च को जारी हुआ था पहला नोटिस, 3 अप्रैल को फिर दिया द्वितीय नोटिस

# संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर वेयरहाउस संचालकों को नोटिस

**क्षेत्र में करीब 50-60 वेयरहाउस संचालित हैं। संचालकों द्वारा क्षेत्र में व्यवसाय संचालन का संपत्तिकर भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। प्रशासन ने एक बार फिर नोटिस जारी कर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एससी अग्रवाल ने जनपद क्षेत्र की लगभग 22 पंचायत जिनमें ग्राम पंचायत गोल, बहारपुर, गुराडिया कला, बुधबाड़ा, शिवपुर, सिरवाड़, रेपुरा, ताल केसरी, फुर्तला, सांगाखेड़ा खुर्द, समोन, बागर खेड़ी, आंख मऊ, गुर्जरवाडा, काजल खेड़ी, मोहासा, बज्जरवाड़ा, बीकोर, शुक्रबाड़ा फॉर्म, कढैया, गुढला, सांगा खेड़ा कला, क्षेत्र में लगभग 50-60 संचालित वेयरहाउस संचालित हो रहे हैं वेयरहाउस के संचालकों को पंचायत क्षेत्र में व्यवसाय संचालन का स्थानीय संपत्ति कर भुगतान करने 19 मार्च को नोटिस जारी कर 26 मार्च तक सुसंगत दस्तावेज एवं समस्त जानकारियां सहित प्रति उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को दो दिन में नोटिस तामिल कराकर अवगत कराने को लिखा गया था लेकिन ऐसे कई ग्राम पंचायत क्षेत्र में वेयरहाउस संचालित हो रहे हैं। उन ग्राम पंचायत के सचिव ने नोटिस तामिल नहीं किया 3 अप्रैल को पुनः वेयरहाउस संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं उनसे कहा गया है कि 8 अप्रैल तक समस्त जानकारी के साथ जनपद कार्यालय में उपस्थित हो। संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव से 2 दिन में नोटिस तामिल कार्यालय को अवगत कराने को कहा गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने वेयर हाउस संचालकों से पूछा है क्या आपके द्वारा भवन निर्माण करके करने के पूर्व स्थल का वैधानिक अधिकार के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत से अनुमति अनुज्ञा प्राप्त की गई है? क्या आपके द्वारा व्यवसाय के संचालन हेतु ग्राम पंचायत को निर्माण अनुसार टैक्स भवन निर्माण फीस जमा की गई है ? क्या आपके द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उक्त व्यवसाय के संचालन हेतु निर्माण अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सक्षम स्वीकृति प्राप्त की गई है? अगर व्यवसाय करने वाले वेयरहाउस एवं अन्य करदाता कर भुगतान करेंगे तो ग्राम पंचायत की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी कई ग्राम पंचायत मैं आय के अन्य कोई स्रोत नहीं है। जारी किए गए नोटिस मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1933 की धारा 77 के मध्य प्रदेश पंचायत अनिवार्य कर तथा फीस (शर्त तथा अपवाद) नियम 1996 के भाग दो उपनियम 5 ग्राम पंचायत( भवनों के परिनिर्माण तथा विस्तार पर नियंत्रण) उपविधि उपविधियां 1999 के अनुसार भवन निर्माण या संनिर्माण पर निर्माण हेतु ग्राम पंचायत की लिखित अनुमति प्राप्त नहीं की गई है तथा भाग 5 की प्रथम एवं द्वितीय अनुसूची अनुसार भूमि तथा भवनों पर कर की दर तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र के भीतर व्यवसाय कर व्यापार संचालित किया जा रहा है उक्त संबंध में आप उपरोक्त बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत करें। जनपद पंचायत माखन नगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश अग्रवाल ने बताया पहले नोटिस के बाद कुछ वेयरहाउस के संचालक कार्यालय आए थे उन्होंने अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं लेकिन अधिकांश वेयरहाउस संचालक अभी तक ना तो आए हैं ना जवाब दिया है अगर दिए गए समय सीमा में वेयरहाउस संचालक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तब उन पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# इटारसी से होकर गुजरेगी मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा पर्यटन की अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इन थीम-आधारित ट्रेनों की परिकल्पना घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराने हेतु की गई है। आईआरसीटीसी द्वारा उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से देवभूमि उत्तराखंड राज्य के प्रमुख तीर्थ और विरासत स्थानों को कवर करते हुए मानसखंड एक्सप्रेस-भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 22 अप्रैल 2024 को पुणे शहर से मानसखंड एक्सप्रेस के नाम से रवाना होगी। यह ट्रेन पुणे, लोनावला, पनवेल, कल्याण, नासिक, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी और रानी कमलापति स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे।

10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में टनकपुर, भीमताल, कैंची, नैनीताल, अल्मोडा, नंदा देवी, चितई, जागेश्वर चौकोरी, हाट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, चंपावत के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को 28,020 रुपए प्रति व्यक्ति स्टैण्डर्ड श्रेणी एवं 35,340 रुपए प्रति व्यक्ति डीलक्स श्रेणी का खर्च उठाना होगा। भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। पर्यटक इसकी बुकिंग इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते हैं। अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल 9321901861, 9321901862, इंदौर 9321901865, 9321901866, जबलपुर 0761-2998807, 9321901832 के नंबरों पर काल कर सकते हैं।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में पीठासीन अधिकारी का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण संपन्न

**नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम में मतदान दल के लिए प्रशिक्षण में आज 395 प्रशिक्षणार्थीयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के प्रबंधन का कार्य में संलग्न सुनील राठौर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन हेतु विधान सभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद में आज दिनांक तक कुल 790 प्रशिक्षणार्थीयों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। शुक्रवार को सभी पीठासीन एवं पी 1 अधिकारियों का प्रशिक्षण समाप्त हो जायेगा आपने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थीयों को सत्र प्रारंभ करने के पूर्व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट डालने हेतु शपथ दिलाई जाति है एवं अपने कार्य के साथ साथ मतदाता जागरूकता कार्य करने हेतु भी कहा जाता है।

# ग्राम हिरनखेड़ा में मनाई गई राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती उनके कर्म स्थली ग्राम हिरनखेड़ा में स्वराज स्थान पर मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की प्रथम नागरिक अमृता लिटोरिया द्वारा दादा माखनलाल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान ग्राम के युवा समाजसेवी आशुतोष लिटोरिया द्वारा दादा माखनलाल के द्वारा ग्राम हिरनखेड़ा प्रारंभ किए गए सेवा सदन विद्यालय हिरनखेड़ा के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन ब्रिटिश काल की कठिन परिस्थितियों में दादा माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा सन 1920-22 के दशक में ग्राम हिरनखेड़ा में एक आवासीय इंटरमीडिएट विद्यालय की स्थापना की गई। इस विद्यालय में विद्या अध्यापन के अलावा स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित गतिविधियां भी गोपनीय रूप से संचालित होती थी।यहां दादा के अलावा तत्कालीन समय के महत्वपूर्ण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गुप्त बैठकें भी इस विद्यालय में होती थी। दादा द्वारा यहां अपनी प्रसिद्ध रचना हिम किरिटनी का लेखन भी किया गया। माखनलाल जी के साथ-साथ उनके छोटे अनुज रामदयाल चतुर्वेदी एवं हरिप्रसाद चतुर्वेदी द्वारा भी विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन कराया जाता था। इस विद्यालय की अपनी अनेक विशेषताएं रही है जिनमें मिश्रित अनाज का स्वादिष्ट भोजन, विद्यालय परिसर में कठोर अनुशासन नियमों का पालन और 1 वर्ष में दो सत्रीन कक्षाओं की (सेमेस्टर सिस्टम पद्धति) पढ़ाई आदि प्रमुख रही है। सेवा सदन विद्यालय हिरनखेड़ा के अनेक विद्यार्थी देश के महत्वपूर्ण पदों पर शोभायमान रहे हैं। ग्राम के युवा नितेश गौर द्वारा भी दादा से संबंधित अनेक संस्करणों के विषय में जानकारी दी गई।

# संबल योजना का लाभ लेने से वंचित हितग्राही, लाभ लेने के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बनवारी के हितग्राही के द्वारा वर्ष 2021 से वर्ष 2024 तक अपनी पत्नी की मृत्यु को प्रापत संबल योजना का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत के माध्यम से लगातार आवेदन एवं दस्तावेज जमा किए जाते रहे हैं। लेकिन वर्ष 2024 तक हितग्राही को लाभ प्राप्त नहीं हुआ याद रहे कि तत्कालीन शाखा प्रभारी वीरेंद्र पटेल के द्वारा यह कार्य किया जाता था लेकिन हितग्राही जमुना प्रसाद कर ने बताया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा आवेदन ले लिए जाते थे लेकिन आजकल करते हुए घुमाया गया गुमराह करते हुए ढाई साल निकाल दिए गए उसके बाद भी कार्य नहीं हुआ है। वर्तमान में वीरेंद्र पटेल सोहागपुर जनपद कार्यालय में पदस्थ हैं वहां भी वह यही शाखा का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि युक्त व्यक्ति के द्वारा राशि की मांग की गई थी लेकिन राशि न देने के कारण अभी तक यह कार्य नहीं हो पाया। सेकंड वर्तमान में उन्होंने शाखा प्रभारी विजय आदिवासी को आवेदन सोप और उन्होंने बताया की शाखा तत्कालीन शाखा प्रभारी के द्वारा उनके आधार कार्ड में गड़बड़ी कर दी गई थी आवेदक की आधार कार्ड की जगह उनकी पत्नी का आधार कार्ड पोर्टल पर बताया जा रहा था। जैसे भोपाल स्तर से सुधार कराया गया और वर्तमान में पूर्ण कार्य हो चुका है सिर्फ शासन के द्वारा आवेदक के खाते में राशि अतरित किया जाना है। इस तरह से संबल योजना का लाभ लेने वाले लोग लगातार तीन-चार वर्षो से जनपद पंचायत में घूमते आ रहे थे लेकिन किसी के द्वारा प्रेस मीडिया तक या संबंधित अधिकारियों तक इस बात को उजागर नहीं किया गया। अभी तक नहीं बताया कि सीएम हेल्पलाइन 2022 में की गई थी उसके पूर्व में लिखित में कई शिकायत है की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। वर्तमान अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत के द्वारा लगातार सहयोग करते हुए सामाजिक न्याय विभाग से मधु तिवारी एवं संबल योजना से विजय आदिवासी एवं अन्य स्टाफ के द्वारा लगातार सहयोग किया गया और यह कारण पूर्ण हो चुका है सिर्फ शासन के द्वारा राशि खाते में हितग्राही को पहुंचना शेष है। अधिकारी कर्मचारी का कहना है कि यह कार्य भी शीघ्र पूर्ण हो जाएगा।

# आज मनाई जाएगी मां कर्मा जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा जी की जयंती आज सोहागपुर सहित पूरे देश में मनाई जाएगी। सोहागपुर में कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज के युवाओं द्वारा शुक्रवार को सुबह वाहन रैली निकाली जाएगी, 10 बजे से मां कर्मा में की पूजन एवं सत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। पूजन के पश्चात समाज की महिला मंडल द्वारा 11 से 3 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 3 से स्थानीय काली मंदिर पुराने थाने के पीछे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि पुराना सरकारी अस्पताल , बिहारी चौक, कमानिया गेट, पलकमति पुल चौराहा एवं कोर्ट चौराहा होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। शोभायात्रा में भगवान राधा कृष्ण की चल झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी जिसमें गाडरवारा से आए कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जावेगी। आयोजन स्थल पर पहुंचने के पश्चात मां कर्मा माई की आरती एवं समाज के बुजुर्गों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात सामाजिक सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। वहीं मां कर्मा का जन्म चैत्र माह कृष्ण पक्ष पापमोचनी एकादशी संवत 1073 को स्थान झांसी उत्तर प्रदेश में बेतवा नदी के पास हुआ था। उनके माता का नाम कमला शाह और पिता रामाशाह था वह पढ़ने में समझदार थी एक पाठशाला से लौटते समय उनकी सहेली तलाब में फिसल गई मां कर्मा तैरना जानती थी उन्होंने सहेली को डूबने से बचाया 13 वर्ष में उनका विवाह ग्वालियर राज्य शिवपुरी के पास नरवर गढ़ में एक प्रतिष्ठित तेल व्यापारी के पुत्र चतुर्भुज शाह के साथ हुआ कुछ समय बाद एक पुत्र हुआ।

# जयंती के अवसर पर किया दादा माखनलाल को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



राष्ट्रकवि प्रखर पत्रकार साहित्यकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती पर नगर में विभिन्न जगह अ ल ग - अ ल ग संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी का स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शासन प्रशासन ने वैसे तो बाबई का नाम दादा के नाम पर नामकरण करते हुए माखन नगर कर दिया है गौरव दिवस का आयोजन भी किया लेकिन इस बार ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला प्रशासन के जिम्मेदार लोगों ने दादा की प्रतिमा के आसपास साफ सफाई की सुध नहीं ली प्रतिमा स्थल पर वर्तमान में सौंदर्य करण का कार्य चल रहा है प्रतिवर्ष दादा की जयंती पर प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई एवं आसपास की दुकानों का हटाया जाता था जिससे दादा को श्रद्धा सुमन करने आए लोगों को परेशानी ना हो लेकिन इस बार नगर प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं गया। बागरा तिराहे पर दादा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर पत्रकार संगठन के उमेश तिवारी प्रदीप शर्मा दीपक शर्मा आशु दुबे ने दादा का स्मरण किया। वही माखन चौक पर वरिष्ठ जनो कुलदीप मिश्रा मोहन सोनी राजेंद्र बडगूजर सुंदरलाल जांगड़े राजेंद्र दुबे पार्षद निरंजना रावत सुदेश मालवीय तुलसी वर्मा भगवान दास साहू समेत अनेक लोगों ने दादा के चित्र पर पुष्पांजलि की वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी दादा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण किया।

# प्रशिक्षण में भी कर्मचारियों की लापरवाही, चार अनुपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में 350 पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया की 350 में से 346 अधिकारी उपस्थित रहे चार अनुपस्थित पाए गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्वाचन जैसे कार्य में भी अधिकारी कर्मचारी लापरवाही व्रत रहे हैं यह उनके विभाग में क्या कार्यवाही करते होंगे। बताया गया कि पीठासीन अधिकारी एवं मतदान क्रमांक के अधिकारी का प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें 15 मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं जिनमें मुख्य रूप से श्री लाल रघुवंशी प्रदीप शर्मा कमलेश शर्मा नीरज सिंह बैंस एवं निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी के निर्देशन में यह लोग कार्य कर रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी वैभव बैरागी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं मतदान सत प्रतिशत हो इसलिए मत प्रतिशत एप डाउनलोड कराया गया है क्वालिटी की परख के लिए भी जिला कलेक्टर के द्वारा क ऊतऐप डाउनलोड कराया गया है। जिसे सभी को डाउनलोड कराया गया इस ऐप में प्रशिक्षण की मुख्य बिंदु पर आधारित प्रश्नों का ऑनलाइन समाधान भरने के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है इसमें निर्धारित किया गया है की दाल की अवधारणा स्पष्ट है या नहीं यदि स्पष्ट नहीं है तो समाधान तक क्षमता वर्धन किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से नीरज सिंह बेस नायब तहसीलदार तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खाकर समस्त कर्मचारियों का चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र वितरण करने की प्रक्रिया में उमाकांत मिश्रा के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। एक ही बनखेड़ी एवं पिपरिया के सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है बनखेड़ी से हिमांशु बड़कुर ने बताया कि प्रशिक्षण एक कमरे में लगभग 50 लोगों को दिया जा रहा है सात कमरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 15 मास्टर ट्रेनर सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे 12:30 तक तथा 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक यह कार्य लगातार में किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर संजीव दुबे के द्वारा विशेष तौर से शासन के निर्देश अनुसार महिलाओं को बड़ी बारीकी के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर में कॉलेज के प्रोफेसर एवं अन्य विभागों की वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है। अनुपस्थित कर्मचारियों के बारे में निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी से चर्चा की गई बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए हैं कारण बताने के लिए वह कारण नहीं बताते ।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




गुरुवार को लोक सभा निर्वाचन के लिए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन परियोजना माखननगर के सेक्टर आरी के तत्वावधान मे बूथ अवेयरनेस के लिये रेली व शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे महिलायें व पुरुष शामिल हुये आँगनवाडी आरी 4 से होकर ग्राम मे घूमते हुये आगनवाडी केंद्र आरी मे सम्पन्न हुई जहाँ पर मतदाता ने शपथ का आयोजन किया गया उक्त मतदाता जागरुकता रेली मे महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया, पर्यवेक्षक नीता मेहरा, भोपाल एम्स ब्लॉक कॉडिनेटर मोनिका कौशल, महिला बाल विकास ब्लॉक कॉडिनेटर संदीप मालवीय, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता महिला पुरुष सभी उपस्थित रहें।

## जेएम कम्प्यूटर में मनाई दादा माखनलाल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध जेएम कंप्यूटर में राष्ट्रीय कवि दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती विद्यार्थियों के समक्ष मनाई गई। सर्वप्रथम माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर संस्था के संचालकद्व जाफर एवं मनीता सिद्दीकी ने पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर संचालक जाफर सिद्दीकी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी होशंगाबाद जिले के बाबई ग्राम में जन्मे और पूरे देश में विख्यात हुए। आप सरल भाषा और ओजपूर्ण भावनाओं के अनूठे हिन्दी रचनाकार थे। आप 'कर्मवीर' राष्ट्रीय दैनिक के संपादक थे। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। आपके नाम से भोपाल में देश का विख्यात विश्व विद्यालय है जिसमें पत्रकारिता एवं कम्प्यूटर के पोस्ट ग्रेजुएट एवं ग्रेजुएट कोर्स संचालित होते हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं विनोद सिंह चौहान पिता स्व. शेर सिंह चौहान उम्र 59 वर्ष निवासी क्वा.नं. 2154 टाइप 2 आयुध निर्माणी इटारसी तह. इटारसी जि. नर्मदापुरम शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पर्सनल नंबर 1084863A रैंक एक्स नायक (टीएस) है। मेरी पत्नी सरिता चौहान का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड बुक में सरिता सिंह चौहान दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम सरिता चौहान है जो कि उनके दस्तावेजों में अंकित है। मेरी पत्नी की जन्मतिथि 20.1.1969 है। यह कि मैं अपनी पत्नी का वास्तविक व सही नाम सरिता चौहान मेरी सर्विस रिकार्ड बुक में दुरुस्त कराना चाहता हूं ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो। इस बाबत मैंने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।

**भवदीय- विनोद सिंह चौहान, निवासी क्वा.नं. 2154 टाइप 2 आयुध निर्माणी इटारसी**

## कर्मा जयंती के आयोजन को लेकर साहू समाज की बैठक

**सेमरीहरचंद।** साहू समाज की आराध्य एवं भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा देवी की जयंती के आयोजन को लेकर गुरुवार को साहू समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मां कर्मा की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में समाज वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों के मध्य चर्चा की गई। साहू समाज संगठन के मुकेश साहू ने बताया कि आज मां कर्मा जयंती के अवसर पर नगर के माखन नगर रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मैरिज गार्डन मैं मां कर्म की जन्म जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाएंगे दोपहर 12 बजे से स्थानीय गायत्री मंदिर में रंगोली पेंटिंग गायन कला मेहंदी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा तत्पश्चात दोपहर 3 बजे के बाद समाज के युवाओं द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन जाएगा।

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियन क्रमांक 5. सन 1908 का आदेश इकतालिस नियम 14)
अपील क्रमांक SA/601/2015

Respondent No. 2
Fixed for 30-04-2024
For Publication

Process Id: 64854/2024
MEHARBAN SINGH (DEAD) THR. LRS. SAVITRI BAI and others अपीलार्थी
RAJKUMAR (DEAD) SMT. VIMLESH KUMARI and others प्रत्यर्थी
सन 2012 के RCA क्रमांक 30 सन 2012 में न्यायालय Civil Judge Class I Shri, Narmadapuram (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश दिनांक 11-03-2015 के विरूद्ध अपील।

प्रति
Vijay Singh S/o Vishwanath Singh, R/o Village Kajalkhedi Hoshangabad, District- Narmadapuram (MADHYA PRADESH)
प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक: कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appeliant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 30-04-2024 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

कगजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक: कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 30-04-2024 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेज की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें।
सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किए जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये:-

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या(1) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय) (3) |
|---|---|---|

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक **30-04-2024** को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।
आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।
अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक 01-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

### पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी -एक को दिया गया प्रशिक्षण

# कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण द्वितीय दिवस भी जारी रहा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया मतदान दल द्वारा प्राप्त की जाने वाली सामग्री, मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान, मतदान अधिकारी क्रमांक एक के दायित्व ,टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है दिखावटी मतदान के पश्चात पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान दिवस पर दिखावटी मतदान की प्रक्रिया के दौरान कार्य, पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया।

सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया तथा ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया प्रशिक्षण का निरीक्षण नायब तहसीलदार नितिन राय द्वारा किया गया प्रशिक्षण में डॉ ए०के० यादव ने सभी मतदान कर्मियों को निर्वाचन की सामान्य जानकारी दी उसमें बताया गया कि यदि किसी दिव्यांग मतदाता दोनों हाथ नहीं है तो मतदान कर्मी किस अमित स्याही लगाएंगे मतदान अधिकारी क्रमांक 1 की कर्तव्य के बारे में बताया गया चिन्हित प्रति का प्रभारी कौन रहेगा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, सुनील सोनी, अशोक साहू, डी एस परमार, उमेश धुर्वे, बाबू पटेल, प्रेम नारायण परते, अतुल गौर आदि के द्वारा दिए जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 2 युवकों के पास मिला देशी कट्टा, मामला दर्ज

**हरदा।** बुधवार रात को चेकिंग के दौरान टिमरनी थाना पुलिस ने दो युवकों के पास से बारह बोर का एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। टिमरनी थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि अवैध हथियार एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर क्षेत्र में लगातार कार्रवाई कर धरपकड़ की जा रही है। बुधवार रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिवनी मालवा की ओर से बाइक से आ रहे दो युवकों के पास अवैध हथियार है। इस दौरान पुलिस की टीम में शामिल एएसआई राजेश रघुवंशी, हेरंब पांडे, हेड कांस्टेबल राजेश गुर्जर, योगेश पटेल, नीलेश तिवारी, शांतिलाल कुमरे, मनोज नागले, आरक्षक महेंद्र एवं कमलेश परिहार ने युवकों को रोका। जिसने अपना नाम राहुल पिता सुरेश सोनी उम्र 20 साल एवं दूसरा सतीश उर्फ कल्लू पिता महेश गौर उम्र 29 साल दोनों निवासी लाइन पार टिमरनी बताया। जिसमें राहुल सोनी की कमर के दाहिनी ओर एक बारह बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जिनके खिलाफ 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं आरोपियों के पास की मोटरसाइकिल भी जब्त कर न्यायालय में पेश किया है।

### विद्युत वितरण कंपनी ने बनाए 3 प्रकरण

**हरदा।** 11 केवी पंप फीडर ओवरलोड होने पर इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को ग्राम लाखाखेड़ी में विद्युत चोरी के 3 प्रकरण बनाए हैं। करताना वितरण केंद्र प्रभारी संदीप डूडी ने बताया किसान अगर अपने कनेक्शन के अतिरिक्त कोई पंप चलाते हैं तो उसका अस्थाई कनेक्शन लें। चेकिंग करते अगर कोई मोटर अवैध चलती पाई जाती है तो धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज कर थाने में एफआईआर कराई जाएगी। वहीं किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने के लिए कहा।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**हरदा।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास हरदा संजय यादव ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में चना, मसूर व सरसों उपार्जन केन्द्रों पर आने वाली समस्या का त्वरित निराकरण करने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारी अपने मोबाइल पर प्राप्त समस्याओं का निराकरण करने संबंधी कार्यवाही करेंगे। उन्होने कंट्रोल रूम पर सहायक संचालक कृषि डॉ. भागवत सिंह मोबाइल नम्बर 9584641355, भूमि संरक्षण सर्वे अधिकारी गोविन्द प्रसाद सोनी मोबाइल नंबर 9926312392 तथा तकनीकी सहायक तुलसीराम बरबड़े मोबाइल नंबर 9926985277 की ड्यूटी लगाई है।

### 26 अप्रैल को रहेगा अवकाश

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने अधिसूचना जारी कर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 29 बैतूल अंतर्गत जिले में 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### सेवानिवृत होने पर प्रधान पाठक को दी विदाई

**बुरहानपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विगत 42 वर्षों से अपनी सेवाएं देकर छात्रों का जीवन संवारने वाले हिंदी माध्यमिक शाला डोंगरगांव के प्रधान पाठक छगन सिंह कुशवाहा को सेवानिवृत होने पर डोंगरगांव में शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल के स्टाफ ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी। ज्ञात रहे की छगन सिंह कुशवाहा ने जिला शिक्षा केंद्र पर कुछ वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान की। यही नहीं आपने वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों का जीवन सवारने हेतु ग्रामदरियापुर बोदरली संकुल में भी छात्रों का ज्ञानवर्धन कर उन्हें शिक्षित किया है। 42 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देने के बाद डोंगरगांव शासकीय शाला विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदाई समारोह में शिक्षकों और छात्रों का प्रेम देखकर छगन सिंह कुशवाह अभिभूत हो गए उन्होंने कहा कि मैं इस क्षण को जीवन पर्यंत नहीं भूल पाऊंगा।

---

पूछताछ की तो पिस्टल बनाने की फैक्ट्री का पता चला, वहां से भी 10 अवैध पिस्टल जब्त

# खकनार पुलिस ने ग्राम पांगरी में एक आरोपी को 2 पिस्टल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

खकनार पुलिस ने ग्राम पांगरी में एक आरोपी से 2 पिस्टल जब्त की। जब उससे पूछताछ की तो एक पिस्टल बनाने की फैक्ट्री की जानकारी ली। वहां दबिश दी तो 10 पिस्टल और मिली। एक आरोपी फरार हो गया, उसकी तलाश की जा रही है।

गुरुवार दोपहर एसपी देवेंद्र पाटीदार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग व उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन अतुल सिंह द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण, अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में खकनार पुलिस को अवैध हथियारों की फैक्ट्री सहित हथियार तस्कर को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार अलसुबह खकनार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम पांगरी तरफ से एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर पैदल खकनार तरफ आ रहा है। सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी खकनार निरीक्षक विनय आर्य सउनि अमित हनौतिया, आर शादाब अली, आर संदीप की टीम गठित कर मौके के लिए रवाना हुए। टीम द्वारा पांगरी फाटे के पास घेराबंदी की गई वहां कुछ देर बाद मुखबीर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति आते दिखा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी सुनिल पिता किशन भिलाला उम्र 27 साल निवासी पांगरी का रहना बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर पेंट की कमर के दोनों तरफ सिल्वर कलर की एक-एक पिस्टल मिली। पिस्टल रखने का लायसेंस नहीं मिला। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने दोनों पिस्टल पाचौरी के सिकलीकर कमल पिता मेहताब द्वारा साईं मंदिर के पास ले जाकर किसी व्यक्ति को देने के लिए बताया। पुलिस टीम आरोपी सुनिल को लेकर ग्राम पाचौरी पहुंची जहां कमल अपने घर के पीछे औजारों से पिस्टल बना रहा था जो पुलिस को देखकर भाग निकला। जिसको आरोपी सुनिल व थाना स्टॉफ ने पहचाना। कमल के पिस्टल बनाने के स्थान से 10 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल कुल कीमती करीबन एक लाख रुपये जो जमीन में मिट्टी में दबाकर रखी थी तथा उसी स्थान पर हथियार बनाने में उपयोग लाए जाने वाले औजार एक हवा करने का पंखा, एक लोहे की फूंकनी, एक लोहे की संसी, एक लोहे की कानस तथा पांच मैग्जीन कुल औजार कीमती करीबन 5800/- रुपये के जब्त किए गए। इस तरह दोनों आरोपियों से कुल 12 देशी हस्तनिर्मित पिस्टल व पिस्टल बनाने के औजार कीमती करीबन 1,25,800/- (एक लाख पच्चीस हजार आठ सौ) रुपये के जब्त किए गए।





आरोपी सुनिल व कमल का कृत्य आर्म्स एक्ट में दंडनीय पाया जाने से उनके विरुद्ध थाना खकनार पर आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी सुनिल पिता किशन के विरुद्ध खंडवा में आर्म्स एक्ट का एक प्रकरण पंजीबद्ध है। फरार आरोपी कमल पिता मेहताब सिकलीगर निवासी पाचौरी थाना खकनार का निगरानी बदमाश है जिस पर थाना खकनार में आर्म्स एक्ट के पूर्व के 6 अपराध पंजीबद्ध है। फरार आरोपी कमल सिकलीगर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम की घोषणा की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी खकनार विनय आर्य, सउनि. अमित हनोतिया, आर. शादाब अली, आर. संदीप कास्डे की भूमिका रही।

---

मूंग फसल की सिंचाई के लिए...

## नहर में नहीं मिला पानी, नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन शुरू



**हरदा।** ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की सिंचाई के लिए किसानों को नहर का पानी उपलब्ध कराने में सिंचाई विभाग नाकाम साबित हो रहा है। विभाग के द्वारा अपनी कार्ययोजना में शामिल कमांड एरिया के किसानों तक भी नहर छूटने के बाद भी पानी नहीं पहुंचाया जा सका है। जिसको लेकर किसानों में खासी नाराजगी है। गुरुवार सुबह से ही जिले के ग्राम सुखरास, खामापडमा, बम्हनगांव औक खरपा के किसानों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ रेवापुर माइनर पर धरना शुरू कर दिया है।किसानों का कहना है कि नहर छूटने के बाद एक दिन क्षेत्र के किसानों को पानी मिला था। उसके बाद से नहर सूखी पड़ी हुई है। इसके कारण किसानों के खेतों में लगी मूंग की फसल पर संकट के बादल गहराने लगे हैं। धरने पर बैठे किसान गोकुल मालव्या, वीरेंद्र गहलोद, देवेंद्र गहलोद, नारायण सिंह सोलंकी, विनोद चौधरी, आदित्य पटेल आदि ने कहा कि 28 मार्च को नहर में पानी आने के बाद से हमारे क्षेत्र के किसानों को पानी नहीं मिल पाया है। जिसके चलते करीब चार गांव के 200 से अधिक किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि रेवापुर उपनहर पर यदि 70 के गेज पर पानी दिया जाए तो सभी किसानों के खेतों में सिंचाई हो पाएगी। फिलहाल 30 से 35 के गेज पर पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बार बार गुहार लगाई जा रही है लेकिन उनके द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है। गौरतलब रहे कि बुधवार को जिले के ग्राम मसनगांव और कमताड़ा के किसानों ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर मूंग की फसल की सिंचाई के लिए कमांड एरिया में शामिल होने के बाद पानी नहीं मिलने की दशा में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी जिला प्रशासन को दी है। उधर सिंचाई विभाग के एसडीओ मौसम पोर्ते का कहना है कि ऊपर से ही नहर में पानी कम आ रहा है। जिले में 1000 क्यूसेक की जगह 930 क्यूसेक ही पानी मिल रहा है। फिर भी हमारे द्वारा किसानों को समय से पानी उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। आज जहां 35 का गेज था। वहां 45 गेज तक पहुंचा दिया गया है। साथ ही नहरों पर अवैध रूप से मोटरपंप लगाकर विभाग के बिना परमिशन के सिंचाई के लिए पानी लेने वाले लोगों की मोटर जब्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर एफआईआर की जा रही है।

---

## घर की दशा सुधारने महिलाओं ने रखा दशामाता का वृत

### पीपल के वृक्ष पर सूत लपेटा व परिक्रमा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

नगर में गुरुवार को महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। व्रत रखकर पीपल के वृक्ष पर सूत लपेटा व परिक्रमा की। सुबह से ही पीपल के वृक्षों के नीचे महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना करती हुई देखी गई। शहर एवं आसपास के ग्रामों में भी महिलाओं ने दशामाता की पूजा-अर्चना की। सूत के 10 डोर लेकर महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा की। इसके बाद पूजन स्थल पर नल-दमयंती की कथा सुनी।



पूजन व कथा श्रवण के बाद महिलाओं ने डोर को गले में धारण किया। घरों पर हल्दी व कुमकुम के छापे लगाए। महिलाओं ने एक समय भोजन का व्रत रखा। इसमें नमक का उपयोग नहीं किया। शास्त्रों में कहा गया है कि दशामाता का व्रत विधि-विधान से करने से घर से बुरा समय चला जाता है तथा परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। कसरावद नगर की रौशनी प्रजापति, माया वर्मा, जयमाला राठौड़ ने कहा कि हिन्दू धर्म में दशामाता की पूजा तथा व्रत करने का विधान है। माना जाता है कि जब मनुष्य की दशा ठीक होती है तब उसके सभी कार्य अनुकूल होते हैं किंतु जब यह प्रतिकूल होती है, तब मनुष्य को बहुत परेशानी होती है। इन्हीं परेशानियों से निजात पाने के लिए इस व्रत को करने की मान्यता है। चैत्र महीने की दशमी पर महिलाएं दशा माता का व्रत करती हैं। यह व्रत खासतौर पर घर की दशा ठीक होने के लिए किया जाता है। शनिवार को जिलेभर में महिलाओं ने व्रत रखकर दशा माता से सुख-समृद्धि व घर की दशा सुधारने की प्रार्थना की।

---

### खेत में से जबर्दस्ती जाने आने की बात पर लोहे के पाइप से किया हमला

**बुरहानपुर।** खेत में से जाने आने से रोकने की बात पर दो भाइयों को लोहे के पाइप से पीटा गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेजमल पिता कालू निवासी अंजन बलड़ी और तेजमल के छोटे भाई भोला पिता कालू दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया जगन नामक व्यक्ति ने मारपीट की। उनके खेत में से जबर्दस्ती आने जाने का रास्ता बनाया रहा था, उन्हें खेत में से आने जाने से मना किया तो मारपीट की गई। जगन के परिजन और बेटों ने मारपीट की। दोनों भाइयों पर लोहे के पाइप से सिर पर वार किया गया। दोनों को गंभीर चोट आई है। उन्होंने बताया घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। दोनों को परिजन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## पीडीएस का 1588 क्विंटल गेहूं लौटाया कलेक्टर ने कहा एक दाना भी नहीं बंटने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले में खंडवा रेक से भेजा गया पीडीएस का लगभग 5 हजार क्विंटल गेहूं घुन लगा मिला। बुधवार को देर रात तक वेयर हाउस गोदाम में चली जांच के बाद लगभग 1588 क्विंटल गेहूं पूरी तरह से खराब निकला। उसमें घुन मिला हुआ था। साथ ही वह आटा बनने लगा था, जो रायसेन से खंडवा रैक के माध्यम से खरगोन पहुंचाया गया।

बताया जा रहा है की यह अनाज जिले में इस माह पीडीएस के माध्यम से 3.31 लाख परिवारों में बांटने वाला था। खराब गेहूं पहुंचने की खबर के बाद वेयर हाउस कॉर्पोरेशन निगम मैनेजमेंट ने जिलेभर के वेयर हाउस में जांच करने को कहा। जिला प्रबंधक दिनेश ओसारी ने जिले के खरगोन, बड़वाह और भीकनगांव वेयरहाउस में खंडवा रेक के गेहूं की पर्ची लगाकर जांच में रहा। भौतिक सत्यापन भी किया गया। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने रात में ही खराब गेहूं को हटाने का सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि खराब गेहूं का एक भी दाना पीडीएस में वितरित नहीं किया जाएगा। यदि अनाज राशन दुकानों तक पहुंचा है तो वहां से बुलाया जाएगा।



### 3 वेयरहाउस में 15 घंटे चली छानबीन

*जिले के तीनों बड़े वेयरहाउस में पीडीएस के गेहूं की जांच हुई। लगभग 15 घंटे लोडिंग अनलोडिंग, सेग्रीगेशन व जांच की प्रक्रिया चली। इसके बाद 1588 क्विंटल गेहूं अलग कर लिया गया। उसे गुरुवार को अलग अलग अनलोड हुए ट्रक के माध्यम से खंडवा भिजवाया गया है। अफसरों का दावा है कि जो गेहूं वेयर हाउस में भी है। उसे सेग्रीगेट किया जा रहा है। उसके बाद वह खराब क्वालिटी का मिलता है तो उसे भी लौटाया जाएगा।*

---

मतदाता जागरुकता गतिविधियों का आयोजन

## कलेक्टर आदित्य सिंह ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए इन दिनों हरदा जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने नेहरू स्टेडियम से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ तथा स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा और स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी व मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।



अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा के नेतृत्व मे यह बाइक रैली नेहरू स्टेडियम के गेट नं. 4 से प्रारम्भ होकर सनफ्लॉवर स्कूल, काली माता मंदिर तिराहा, इन्दौर रोड़ हनुमान मंदिर चौराहा, खण्डवा बायपास से संत रविदास चौक, घंटाघर, नारायण टॉकीज व डॉ. अम्बेडकर चौक होते हुए नेहरू स्टेडियम गेट नम्बर 4 पर वापस आकर सम्पन्न हुई।

---

## दशा माता का पर्व परंपरागत रूप से पूजन कर मनाया

**हरदा।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर गुरुवार को महिलाओं ने दशा माता का पर्व परंपरागत रूप से पूजन अर्चन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने इस दौरान पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की और कच्चे सूत का धागा लपेटा। कुमकुम, मेहंदी लगाई और चुनरी ओढ़ाई। वहीं, आटे और हल्दी से बनी सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। आरती के बाद चावल-लापसी का भोग लगाकर नारियल चढ़ाए। महिलाओं ने नल-दमयंती की कथा सुनी, साथ ही गले में धागा पहना। मान्यता है कि दशा माता मां पार्वती का ही स्वरूप है। इस दिन वृक्षों की त्रिवेणी (पीपल, नीम और बरगद) की पूजा करने का भी विधान है। घरों में भी प्रतीक की स्थापना कर पूजा की गई। नगर की सुनीता जोशी एवं अनीता तोमर ने बताया कि दशा माता का पूजन करने के पीछे मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति का बुरा समय दूर हो जाता है तथा अच्छा समय आ जाता है। व्यक्ति की दशा ठीक है तो उसके सभी कार्य सफल होने लगते हैं, लेकिन जब व्यक्ति की दशा खराब होती है, उसके कार्य में बाधा आने लगती है। दशा माता की पूजा विधि-विधान से करने पर व्यक्ति का बुरा समय दूर हो सकता है। साथ ही दशा माता की कृपा सदैव बनी रहती है, इसलिए चैत्र मास की दशमी को दशा माता का व्रत किया जाता है।

---

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज होगी मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के संबंध में गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत 5 अप्रैल को मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। यह मेराथन दौड़ प्रातः 7 बजे घंटाघर से प्रारम्भ होकर चाण्डक चौराहा, नारायण टाकीज, अंबेडकर चौराहा होते हुए नेहरू स्टेडियम के गेट नम्बर 4 से होते हुए प्रांगण में सम्पन्न होगी। मेराथन दौड़ में स्थानीय स्तर पर विद्यालय व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, एन.सी.सी., स्काउट गाइड, रेडक्रास व एनएसएस के दल सम्मिलित होंगे।

सीईओ सिसोनिया ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 7 अप्रैल रविवार को जिला प्रशासन और मीडिया प्रतिनिधियों की टीम के बीच क्रिकेट मैच नेहरू स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से आयोजित होगा। इसके अलावा 8 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के हॉल में प्रातः 10 बजे से ह्यह्यपोस्टर बनाओ, नारा लेखन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा सहभागिता करेंगे।

---

गणगौर पर्व का आगाज : शहर में माता की बाड़ियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई की

# माता की बाड़ी में सात दिन तक होगा ज्वारों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिलेभर में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार पर्व की शुरुआत गुरुवार को चैत्र कृष्ण एकादशी के दिन से हुई। इस दौरान माता की बाड़ियों में श्रद्धालुओं द्वारा टोकरी में अनाज स्वरूप जवारे बोये गए। जहां पुजारी परिवार को सात दिनों तक माता के जवारों की सिंचाई, पूजन कर सेवा करेंगे। वहीं पर्व के मद्देनजर बाजार में जगह-जगह बांस की टोकरियों की दुकान से लोग खरीदी करते नजर आए हैं।

पर्व के करीब आते ही शहर में माता की बाड़ियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई की गई है। पर्व पर शहर में विभिन्न समाजों के सैकड़ो घरों में माता के ज्वारे रथों पर रखकर अगुवाई की जाएगी। इस दौरान महिला मंडलों द्वारा गीत, पाती सहित अन्य आयोजन होंगे। पर्व को लेकर बाजार में माता की चुनरी, मुखौटे सहित पूजन-अर्चन की सामग्री की दुकानें सजने लगी है।



### बाड़ी बोने के साथ खेलेंगे फूल पाती

जानकारी के अनुसार गुरुवार को शहर में करीब माता की बाड़ी स्थानों पर सैकड़ों श्रद्धालु अनाज भरी बांस की टोकरी लेकर पहुंचे। सात दिन तक बाड़ी में पुजारी परिवार द्वारा जवारों की पूजा अर्चना की जाएगी। ज्वारे बोने के साथ ही शहर में गणगौर पर्व पर विभिन्न समाज की महिलाओं द्वारा दुल्हा-दुल्हन का स्वरुप धारण कर बाना निकाला जाएगा और फूल पाती खेली जाएगी।

### तीज पर करेंगे घर-घर अगुवाई

बाड़ी बुआई के सातवें दिन चैत्र शुक्ल की तीज पर बाड़ियां खुलेंगी। उस दिन श्रद्धालु महिला-पुरुष माता की बाड़ी में ज्वारों का पूजन कर रथों पर सवार कर बैंडबाजे व ढोल-ताशे के साथ माता की घर-घर अगुवाई करेंगे। जिस घर में माता के रथ रोके जाएंगे, वहां रात के समय जगराता कर भजन-कीर्तन कर तंबोल (मक्का की धानी) का वितरण होगा।

### जिले में रहेगा उत्सवी माहौल

वहीं जिलेभर में 12 और 13 अप्रैल को देर शाम से अलग-अलग क्षेत्रों से बैंडबाजे के साथ माता के रथों को शिरोधार्य कर माता के झिरो में ले जाया जाएगा। इस दौरान उत्सवी माहौल रहेगा। कोई पहले दिन, तो कोई दूसरे दिन माता के ज्वारों का विसर्जन कर विदाई देगा।

---

## भील समाज युवा संगठन मप्र के नेतृत्व में निकली जनचेतना रैली



**भीकनगांव।** निमाड़ के जननायक टंट्या मामा के जन्मोत्सव पर वाहन रैली का 75 किलोमीटर आयोजन किया गया। सर्वप्रथम टंट्या मामा के छायाचित्र पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मोरे एंव माता बहनों ने पूजन एंव मल्यापर्ण किया गया, तत्पश्यात यात्रा प्रारंभ की गई रैली में माता बहनों ने भजन गाकर रैली को रवाना किया गया। रैली ग्राम रेहटफल, झिरन्या, मारूगढ़, चेनपुर, आभापुरी, बगदारी, शिवना गोराडिया,इगरिया, छीलटीया, मोहनखेड़ी, भीकनगांव, कोदला, सुर्वा, बमनाला,सेल्दा होते हुए टंट्या मामा की कर्मस्थली कोठड़ा पहुंची यात्रा का हर ग्राम में जगह जगह स्टाल लगाकर कही पुष्पवर्षा,पेयजल,शरबत ,स्वल्पाहार कराया गया। हर ग्राम में महिला, पुरुष, बच्चो ने भागीदारी निभाई साथ ही यात्रा में मामा के भक्त टंट्या मामा के जयघोंस के साथ उत्साहित नजर आए। टंट्या मामा की कर्मस्थली में भील समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मोरे ने सभी को संबोधित करते हुवे बताया कि टंट्या मामा का जीवन संघर्षमय रहा। उन्होंने समाज और देश के हित में अपने को न्योछावर कर दिया सर्व समाज के वंचित और पीड़ित परिवार की मदद के लिए तैयार रहते थे वो चाहते तो उनका परिवार सक्षम होता लेकिन उन्होंने अंग्रेजो से लूटा हुवा धन वह गरीबों में बाट देते थे। टंट्या मामा को देवीय शक्ति प्राप्त थी अंग्रेजो में मामा का इतना खोफ था की अंग्रेज उनके हत्या के पश्यात उनके शव को भी साथ ले गए उनको ऐसा आभास था की कही टंट्या मामा जीवित न हो जाए इस कारण उनके शव को परिवार को नही सौंपा।